# HINDI PRACTICE PAPER – WA 2

## PRIMARY 6

Student's Name: ______________________________

Centre / School: ______________________________

Class / Section: ______________________________

Date: ______________________________

Time: 1 Hour

Maximum Marks: 30

Additional Materials: Nil

### READ THESE INSTRUCTIONS FIRST

- Write your name, class, and school clearly in the spaces provided.
- Read all the questions carefully before answering.
- For Multiple Choice Questions (MCQs), write the correct option number in the brackets **( )** provided.
- For open-ended and fill-in-the-blank questions, write your answers neatly in the spaces provided.
- Ensure your handwriting is clear and legible.

| SECTION | COMPONENT (विषय) | MAX MARKS | MARKS OBTAINED |
|---|---|---|---|
| SECTION A | Language Use - Pronoun (सर्वनाम) | 2 | |
| SECTION B | Language Use - Synonyms (समानार्थी) | 4 | |
| SECTION C | Language Use - Spelling (वर्तनी) | 2 | |
| SECTION D | Completion of Sentence (वाक्य पूर्ति) | 4 | |
| SECTION E | Idioms & Proverbs (मुहावरे/लोकोक्तियाँ) | 4 | |
| SECTION F | Cloze Passage (आशय समझना) | 5 | |
| SECTION G | OE Comprehension (अपठित गद्यांश) | 9 | |
| **TOTAL** | | **30** | |

Teacher's Signature:

Date:

This document consists of 9 printed pages (including cover page)



Copyright © Konzeptes Pte Ltd.

**SECTION A Language Use (Pronoun)**
**खंड A भाषा प्रयोग (सर्वनाम)**

**प्रश्न 1 से 4: खाली स्थान भरने के लिए नीचे दिए गए विकल्पों में से उपयुक्त सर्वनाम शब्द चुनकर खाली स्थान में लिखिए। (2)**

मीरा को शास्त्रीय संगीत सुनना और रात के शांत वातावरण में सितारों को निहारना बहुत पसंद था। संगीत के प्रति **1)** ______ रुचि बचपन से ही गहरी थी। **2)** ______ हर शाम अपनी छत पर बैठकर पुराने रागों का अभ्यास करती थी। उसके संगीत शिक्षक ने देखा कि उसके स्वरों में विशेष मधुरता और आत्मविश्वास है। एक दिन गुरुजी ने कहा कि **3)** ______ संगीत को केवल अभ्यास से नहीं, बल्कि भावनाओं की अभिव्यक्ति से भी सीखना चाहिए। मीरा को यह बात बहुत अच्छी लगी और **4)** ______ सोचा कि यदि वह पूरी लगन से प्रयास करेगी तो अवश्य सफल होगी।

1. (1) उनकी
   (2) उसकी
   (3) वह ( )

2. (1) वे
   (2) उसे
   (3) वह ( )

3. (1) तुम्हें
   (2) तुम्हारा
   (3) तुम ( )


Copyright © Konzeptes Pte Ltd.

4. (1) वह
   (2) स्वयं
   (3) उसने ( )

**SECTION B - Language Use (Synonyms)**
**खंड B भाषा प्रयोग (समानार्थी)**

**प्रश्न 5 से 8 के लिए नीचे दिए गए वाक्यों में <u>रेखांकित</u> शब्द दिए गए हैं। इन रेखांकित शब्दों के समानार्थी शब्दों की सहायता से शब्द-पहेली पूरी कीजिए।** **(4)**

**शब्द-पहेली**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7. | 5. | | 6. |
| | | | |
| | 8. | | |

KONZEPTES
Feed Your Mind

**ऊपर से नीचे**

5. सड़क पर हुई **<u>दुर्घटना</u>** में कोई घायल नहीं हुआ।
6. बारिश से **<u>बचाव</u>** के लिए उसने छाता लिया।

**बाएँ से दाएँ**

7. **<u>वीर</u>** सैनिक देश की रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।
8. वह अपने दोस्तों के **<u>संग</u>** पार्क में खेलता है।



Copyright © Konzeptes Pte Ltd.

**Section C Language use (Spelling)**

**खंड C भाषा प्रयोग (वर्तनी)**

**प्रश्न 9 से 12 के लिए नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्द दिए गए हैं। इन रेखांकित शब्दों की सही वर्तनी दिए गए स्थान पर लिखिए। (2)**

17. हमारे विद्यालय में वार्षिक **समरोह** बहुत धूमधाम से मनाया जाता है।

18. विद्यार्थियों को **आनुशाशन** का पालन अवश्य करना चाहिए।

19. यह पुस्तक भारतीय **संस्क्रिति** का विस्तृत वर्णन करती है।

20. हमें कठिन **पारिस्थिती** में भी धैर्य बनाए रखना चाहिए।

9. ___________

10. __________

11. __________

12. __________

KONZEPTES
Feed Your Mind

**Section D (Completion of sentence)**

**खंड D (वाक्य पूर्ति)**

**प्रश्न 13 से 16 के खाली स्थान अपनी पसंद के उपयुक्त शब्दों से भरें (4)**

13. जब भी हमें किसी समस्या का सामना करना पड़े, तो हमें घबराने के बजाय उसका ___________ ढूँढ़ना चाहिए।

14. हमें समय की असली ___________ समझनी चाहिए क्योंकि बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता।



Copyright © Konzeptes Pte Ltd.

15. प्रधानाचार्या ने कल सुबह की सभा में वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता की

_____________ की।

16. शिक्षकों को अपने विद्यार्थियों से हमेशा बेहतर प्रदर्शन की _____________

होती है।

**Section E (Idioms/ Proverb / Word plan)**

**खंड E (मुहावरे / लोकोक्तियाँ / सह-प्रयोग)**

**प्रश्न 17 से 20 में मुहावरों, लोकोक्तियों और सह-प्रयोगों के अर्थ रेखांकित किए गए हैं। नीचे दिए विकल्पों में से सही मुहावरों, लोकोक्तियों और सह-प्रयोगों को चुनें और उनकी संख्या (1, 2, या 3) को कोष्ठक में लिखें।** (4)

KONZEPTES
Feed Your Mind

26. प्रतियोगिता में प्रथम आने पर वह बहुत प्रसन्न हो गया।

(क) आसमान सिर पर उठाना

(ख) फूला न समाना

(ग) चार चाँद लगना ( )

27. पिता के मोबाइल न दिलाने पर वह बहुत क्रोधित हो गया।

(क) आग बबूला होना

(ख) तिल का ताड़ बनाना

(ग) हाथ पर हाथ धरे बैठना ( )



Copyright © Konzeptes Pte Ltd.

28. कठिन समय आते ही वह अपने साथियों को <u>छोड़कर भाग गया।</u>

(क) दिल छोटा करना

(ख) आँखों का तारा बनना

(ग) पीठ दिखाना ( )

29. मदद माँगने पर उसने <u>साफ इंकार कर दिया</u>।

(क) सिर पर चढ़ाना

(ख) हाथ न लगना

(ग) मुँह मोड़ना ( )

**Section F Cloze Passage**

**खंड F (आशय समझना)**

**प्रश्न 21 से 25 में खाली स्थान भरने के लिए नीचे दिए गए विकल्पों में से उपयुक्त शब्द या वाक्यांश चुनें और उनकी <u>संख्या</u> को कोष्ठक में लिखें। (5)**

KONZEPTES Feed Your Mind

डिजिटल युग में बढ़ती तकनीक ने मानव जीवन को अत्यंत सरल बना दिया है। आज शिक्षा, व्यापार और संचार के अधिकांश कार्य ऑनलाइन माध्यम से संपन्न हो रहे हैं। किंतु तकनीक का अत्यधिक प्रयोग कभी-कभी व्यक्ति को सामाजिक जीवन से **21.**________ भी कर देता है। यदि इसका संतुलित उपयोग किया जाए, तो यह विकास का सशक्त साधन सिद्ध हो सकता है।

विद्यार्थियों के लिए इंटरनेट ज्ञान का **22.**________ स्रोत है, परंतु बिना मार्गदर्शन के इसका उपयोग भ्रम की स्थिति भी उत्पन्न कर सकता है। सोशल मीडिया पर अनावश्यक समय व्यतीत करने से एकाग्रता **23.**________ होने लगती है। अतः आवश्यक है कि तकनीक का प्रयोग उद्देश्यपूर्ण ढंग से किया जाए।



Copyright © Konzeptes Pte Ltd.

अभिभावकों और शिक्षकों की यह ज़िम्मेदारी है कि वे बच्चों को डिजिटल साधनों के प्रति **24.**________ दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करें। यदि तकनीक का प्रयोग संयम और विवेक के साथ किया जाए, तो यह समाज के समग्र विकास में **25.**________ भूमिका निभा सकती है।

30. (1) निर्भर (3) व्यस्त
(2) आकर्षित (4) अलग ( )

31. (1) महत्त्वपूर्ण (3) साधारण
(2) सीमित (4) निजी ( )

32. (1) गहरी (3) कमज़ोर
(2) तीव्र (4) स्थिर ( )

33. (1) लापरवाह (3) नकारात्मक
(2) ज़िम्मेदार (4) काल्पनिक ( )

34. (1) अहम (3) छोटी
(2) साधारण (4) अस्थायी ( )

KONZEPTES Feed Your Mind


Copyright © Konzeptes Pte Ltd.

**Section G (OE Comprehension)**

**खंड G (आशय समझना)**

**नीचे दिए गए अवतरण को ध्यान से पढ़ें और प्रश्न 26 से 28 के उत्तर दें। (9)**

सुरेश को बचपन से ही विज्ञान और पर्यावरण से जुड़े विषय बहुत पसंद थे। वह अक्सर अखबारों और किताबों में ऊर्जा के स्रोतों के बारे में पढ़ता था। धीरे-धीरे उसे समझ में आया कि कोयला और पेट्रोलियम जैसे पारंपरिक ऊर्जा स्रोत सीमित हैं और इनके अधिक उपयोग से पर्यावरण को नुकसान होता है। इसी कारण वायु प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याएँ बढ़ रही हैं।

सुरेश को लगा कि यदि समय रहते स्वच्छ और नए ऊर्जा स्रोत नहीं अपनाए गए, तो भविष्य में ऊर्जा की कमी हो सकती है। इसलिए उसने सौर और पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्रोतों के बारे में जानकारी जुटानी शुरू की। उसने इंटरनेट, पुस्तकालय और अपने विज्ञान शिक्षक की मदद से इस विषय को अच्छी तरह समझा।

सुरेश ने केवल जानकारी ही नहीं जुटाई, बल्कि उसे अपने जीवन में अपनाने का भी निर्णय लिया। उसने अपने माता-पिता को समझाकर घर की छत पर सौर पैनल लगवाए। इससे बिजली की बचत हुई, बिल कम आया और परिवार के अन्य सदस्य भी पर्यावरण के प्रति जागरूक हुए।

सुरेश अपने मित्रों और पड़ोसियों को भी ऊर्जा बचाने के महत्व के बारे में बताता था। स्कूल की विज्ञान प्रदर्शनी में उसने सौर ऊर्जा पर एक मॉडल बनाकर दिखाया कि सूर्य की किरणों से बिजली कैसे उत्पन्न की जा सकती है। उसके मॉडल की सभी ने प्रशंसा की और उसे पुरस्कार भी मिला।

सुरेश का मानना था कि छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं और हर व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देना चाहिए।



Copyright © Konzeptes Pte Ltd.

Feed Your Mind

26. सुरेश को किन विषयों में रुचि थी और वह पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों को लेकर क्यों चिंतित था?

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

27. सुरेश ने अपने घर में सौर ऊर्जा अपनाने के लिए क्या कदम उठाया? इससे उसके परिवार को क्या लाभ हुआ?

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

28. सुरेश के कार्यों से उसके स्वभाव के बारे में क्या पता चलता है? अपने उत्तर का समर्थन करने के लिए गद्यांश से एक उदाहरण दीजिए।

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

End of Paper

KONZEPTES Feed Your Mind



Copyright © Konzeptes Pte Ltd.